# उन्नत परमाणु उपकरण आपदा प्रतिक्रिया

**पृष्ठभूमि:**

एक कामचलाऊ परमाणु उपकरण (IND) घर पर तैयार किया गया या विस्फोटित होने वाला अस्थाई हथियार होता है, जो परमाणु विकिरण विमोचित करता है - यह ऐसा विकिरण होता है जो परमाणुओं के विभाजित होने पर घटित होता है। IND किसी सूटकेस में फ़िट होने लायक छोटा हो सकता है, जिसे हम कभी-कभी “सूटकेस बम”.भी कहते हैं।

| प्रभाव: | उपचार: |
|---|---|
| छोटा होने के बावजूद एक IND अत्यधिक विनाशकारी हो सकता है।<br>• विस्फोट और उसके बाद की तेज़ गर्मी से मौत हो सकती है और इमारतें तथा अन्य संपत्ति नष्ट हो सकती हैं।<br>• विकिरण की महत्वपूर्ण मात्रा पीछे छूट जाएगी, जो पूरे क्षेत्र को अनुपयोगी बना देगी और उससे लोगों में कैंसर विकसित होने का भी ख़तरा बढ़ सकता है।<br>• विकिरण से छूटने वाले परमाणु कण जो विस्फोट स्थल से दूर दराज वाले इलाक़ों में हवा के ज़रिए पहुँचते हैं, ये बम के आकार तथा हवा की गति पर निर्भर करते हुए अन्य नगरों के निवासियों, जल आपूर्ति तथा खाद्य आपूर्ति को संदूषित कर सकते हैं। | यदि आप बड़ी मात्रा में परमाणु विकिरण के संपर्क में आ गए हैं और विकिरण रोग से पीड़ित हैं, तो आपके लक्षणों का इलाज सहायक देखभाल के साथ किया जाएगा। विकिरण बीमारी के इलाज में मदद करने वाली दवाइयाँ मौजूद हैं। चिकित्सा पेशेवर आपके लिए सबसे अच्छे उपचार के बारे में फैसला लेने में मदद करने में सक्षम हो सकता है। परमाणु विकिरण जोखिम के उपचार में पहला क़दम विसंदूषण द्वारा विकिरण के कणों से छुटकारा पाना होता है। आगे IND विस्फोट से घायल लोगों का उपचार घटना स्थल पर उपचार करने वालों द्वारा किया जाएगा या उन्हें स्थानीय अस्पतालों में भेज दिया जाएगा। चोट लगने की घटनाओं में शामिल हो सकते हैं:<br>• जलने की चोट<br>• घाव<br>• अस्थिभंग<br>• रक्त स्राव |

| जब कामचलाऊ परमाणु उपकरण से विस्फोट हो: |
|---|
| **यदि घर के अंदर हों**<br>अगर विस्फोट के दौरान आप घर के अंदर थे और आपकी इमारत क्षतिग्रस्त नहीं हुई है, तो अधिकारियों द्वारा वहाँ से बाहर निकलना सुरक्षित होने की घोषणा करने तक अंदर ही रहें।<br>☐ सभी दरवाज़े, खिड़कियाँ और रोशनदान बंद रखें।<br>☐ घर में बाहर से हवा लाने वाली सभी तापन और वातानुकूलन एवं अन्य प्रणालियों को बंद कर दें।<br>☐ बिना खिड़कियों वाले किसी अंदरूनी कमरे में रहें।<br>☐ एक बैटरी चालित रेडियो और अतिरिक्त बैटरियाँ रखें, ताकि आप आगे के निर्देश सुन सकें। |

कोलम्बिया गवर्नमेंट डिस्ट्रिक्ट
निर्माता:
होमलैंड सेक्यूरिटी एंड एमर्जेन्सी मैनेजमेंट एजेंसी (HSEMA)

**पिछला संशोधन: नवंबर, 2011**

# उन्नत परमाणु उपकरण आपदा प्रतिक्रिया

**यदि घर से बाहर हों**

अगर विस्फोट के दौरान आप घर से बाहर हैं, तो तुरंत इलाक़ा छोड़ दें। जैसे ही आप सुरक्षित हो जाएँ, अपने कपड़ों और शरीर से विकिरण कण से छुटकारा पाने के लिए विसंदूषण या परिशोधन चरणों का पालन करें:

- कपड़े और गहने उतारें।
- आँख, नाक और त्वचा से आगे उद्भासन रोकने के लिए, सिर के ऊपर से खींच कर निकाले जाने वाले कपड़ों को काट दें।
- यदि संभव हो तो कपडों को किसी प्लास्टिक की थैली में रखें, और इस थैली को एक और प्लास्टिक की थैली से सीलबंद करें।
- अपने हाथों, शरीर और बालों को बहुत से ठंडे पानी से धोएँ।
- अपनी जलने वाली आँखों को ठंडे पानी से 10-15 मिनट तक धोएँ।
- आँखों से कॉन्टैक्ट लेंस बाहर निकालें और उन्हें दूर फेंक दें।
- आँख के चश्मे को साबुन और पानी से धोएँ।